उद्योगों का विकास तथा विस्तार कार्य आरम्भ करने को सलाह दी है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि अन्य उद्योग केवल उपभोक्ता वस्तुओं के लिये ही स्थापित किये जायेंगे ;

(ग) क्या यह भी सच है कि योजना आयोग ने बड़े किसानों पर विकास शुल्क लगाने का सुझाव दिया है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके बारे में राज्य सरकारों की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री, अणु शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग). जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

पाकिस्तान द्वारा अवैध अधिकृत काश्मीर में पाकिस्तानी सैनिक गतिविधियां

*219. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री जी० एस० रेड्डी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करें कि

(क) क्या सरकार को विदित है कि पाकिस्तान ने पाकिस्तानी अधिकृत काश्मीर क्षेत्र में अपनी सैनिक गतिविधियां बढ़ा दी हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि पाकिस्तान ने उस क्षेत्र में, जहाँ चीनी अधिकारी प्रशिक्षण दे रहे हैं कुछ सैनिक प्रशिक्षण केन्द्र खोले हैं ; और

(ग) यदि हाँ, तो उसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह : (क) जहां तक सरकार को ज्ञान है जम्मू तथा काश्मीर में युद्ध विराम रेखा के पार पाकिस्तानी सेनाओं की सैनिक गतिविधि में कोई भारी वृद्धि नहीं हुई है ।

(ख) गुरीला युद्ध प्रणाली इत्यादि में चीनी प्रशिक्षकों द्वारा पाकिस्तानी सेविवर्ग को प्रशिक्षण दिये जाने का सरकार को ज्ञान है ।

(ग) अपने देश की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं ।

सैनिक समाचार

*220. **श्री कामेश्वर सिंह:** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि सैनिक समाचार में कार्य करने वाले पत्रकारों की सेवा स्थायी नहीं है तथा उनकी नियुक्ति और पदोन्नति में अनियमितताएं की जाती हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त पत्र में बहुत से पत्रकार बहुत वर्षों से कार्य कर रहे हैं परन्तु न तो उन्हें अब तक स्थायी किया गया है और न ही उनके मामले पर नियमों के अनुसार पदोन्नति के लिये विचार किया गया है;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस पत्र की अब कम प्रतियां छापी जाती हैं ; और

( ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह): (क) और (ख). सैनिक समाचार पत्र के पत्रकारों के लिए कुल स्थानों की संख्या 40 है, जिन में से 30 स्थान स्थायी हैं, और 8 अस्थायी । उपसम्पादक का एक स्थान और उप-पत्रकारों के 9 स्थान इस समय खाली हैं । 33 शेष स्थानों को धारण करने वालों में से 18 स्थायी सरकारी सेवक हैं जो सैनिक समाचार में या तो स्थायी नियुक्तिएं धारण किए हैं, या रक्षा मंत्रालय में अन्यत्र । भर्ती के उन नियमों